उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3

संख्या-10/2026/529के-2/22-3-25-17(1393)/23

लखनऊ : दिनांक: 14 जनवरी, 2026

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कारागार, गाजीपुर में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी हरहंगी (बन्दी संख्या-98/2021) पुत्र श्री रामसूरत, निवासी-महली, थाना-जमानिया, जनपद-गाजीपुर, जिन्हें सत्र परीक्षण संख्या-16/2011 में भा0द0वि0 की धारा-302/149, 307/149, 323/149, 147, 148, 504, 506 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम), गाजीपुर के आदेश दिनांक 30-01-2021 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, द्वारा दिनांक 08-06-2023 तक भोगी गई 07 वर्ष, 07 माह, 17 दिन की अपरिहार सजा तथा 08 वर्ष, 03 माह, 03 दिन की सपरिहार सजा, जेल रिपोर्ट दिनांक 08-06-2023 के अनुसार आयु 79 वर्ष, संतोषजनक जेल आचरण होने तथा जिला मजिस्ट्रेट, गाजीपुर द्वारा समयपूर्व रिहाई की संस्तुति किये के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, गाजीपुर के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक निजी मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

कमलेश कुमार

उप सचिव।

संख्या व तदनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।

2- जिला मजिस्ट्रेट, गाजीपुर।

3- पुलिस अधीक्षक, गाजीपुर।

4- अधीक्षक, जिला कारागार, गाजीपुर।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को रिट याचिका (क्रि0) सं0-336/2019 रशीदुल जफर उर्फ छोटा बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.09.2022 एवं रिट पिटीशन (क्रिमिनल) संख्या-14/2025 परदेशी (CPVNS 42225) व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 15-01-2025 के सन्दर्भ में।

6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।

7- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0।

8- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।